**प्रेस नोट**
**दिनांक 03.04.2024, थाना कटराबाजार**
**जनपद गोण्डा।**

**थाना कटराबाजार क्षेत्र के अन्तर्गत शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुराचार करने का वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-**

**कार्यवाही-**

जनपद गोण्डा में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी करनैलगंज श्री चन्द्रपाल शर्मा के नेतृत्व में थाना कटराबाजार पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 106/2024, धारा 376, 506 भादवि से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त देवनरायन पुत्र चिन्ताराम शुक्ल निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा मौजा गौरवकला थाना कटराबाजार, जनपद गोण्डा को थाना कटराबाजार पुलिस के द्वारा पहाडापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

वादिनी द्वारा थाना कटराबाजार पर सूचना दिया कि विपक्षी द्वारा शादी का झांसा देकर मेरे साथ दुराचार किया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कटराबाजार में मु0अ0सं0- 106/2024, धारा 376, 506 भादवि बनाम देवनरायन पुत्र चिन्ताराम शुक्ल निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा मौजा गौरवकला थाना कटराबाजार, जनपद गोण्डा के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। आज दिनांक 03.04.2024 को कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत से वांछित अभियुक्त देवनरायन पुत्र चिन्ताराम शुक्ल निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा मौजा गौरवकला थाना कटराबाजार, जनपद गोण्डा को थाना कटराबाजार पुलिस के द्वारा पहाड़ापुर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कराकर अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

01. देवनरायन पुत्र चिन्ताराम शुक्ल निवासी ग्राम शुक्लनपुरवा मौजा गौरवकला थाना कटराबाजार, जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0- 106/2024, धारा 376, 506 भादवि थाना कटराबाजार, जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 रामअशीष मौर्या
02. उ0नि0 पेशकार यादव
03. का0 चन्दन मिश्रा
04. का0 सोमपाल मौर्या

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 03.04.2024, थाना छपिया**

**जनपद गोण्डा।**

**थाना छपिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 225 अवैध नशीली टेबलेट (अल्प्राजोलम) बरामद-**

**कार्यवाहीः-**

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकपुर श्री राजेश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना छपिया पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ (225 अल्प्राजोलम गोली) के साथ अभियुक्त अनुपम उर्फ कप्तान पुत्र अजय कुमार निवासी जगन्नाथपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा को गड़रही अण्डरपास के पास से गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0- 90/2024 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 03.04.2024 को थाना छपिया के उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे कि गड़रही अण्डरपास के पास एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया जिसके पास अवैध मादक पदार्थ 225 नशीली गोलियां अल्प्राजोलम बरामद हुआ। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0- 90/2024 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट बनाम अनुपम उर्फ कप्तान पुत्र अजय कुमार निवासी जगन्नाथपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा के पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. अनुपम उर्फ कप्तान पुत्र अजय कुमार निवासी जगन्नाथपुर थाना छपिया जनपद गोण्डा

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0स0- 90/2024 धारा 8/21 एन0डी0पी0एस0 एक्ट थाना छपिया जनपद गोण्डा।

**बरामदगी-**

01. अवैध मादक पदार्थ (225 नशीली गोलियां अल्प्राजोलम) बरामद।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 दिलीप कुमार सिंह
02. का0 अभिषेक सिंह
03. का0 छट्टू चौधरी

**मीडिया सेल, गोण्डा**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 03.04.2024, मीडिया सेल**

**जनपद गोण्डा।**

**शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-**

जनपदीय पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शांतिभंग की आशंका के मद्देनजर जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 19 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-151/107/116 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया।

**05 वारंटी अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

गोण्डा। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के अभियान में जनपद गोण्डा के थाना को0 मनकापुर पुलिस ने 02, थाना इटियाथोक पुलिस ने 02, थाना खरगूपुर पुलिस ने 01 वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना कर दिया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 03.04.2024**

**पुलिस अधीक्षक गोण्डा के निर्देशन में आगामी त्योहारों व लोकसभा चुनाव-2024 को निष्पक्ष, सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत अर्धसैनिक बल एवं पुलिस बल के साथ थानों के विभिन्न ग्राम/मोहल्लों/कस्बा में किया गया रूट मार्चः-**

आज दिनांक 03.04.2024 को पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल के निर्देशन में थाना कौडिया, थाना इटियाथोक पुलिस द्वारा आगामी त्योहर श्री राम नवमी, प्रचलित रमजान माह व लोकसभा समान्य चुनाव 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनता में शांति व सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु स्थानीय पुलिस द्वारा अर्धसैनिक बल के साथ थाना कौडिया व इटियाथोक क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों/मौहल्लों/कस्बा में रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान आगामी त्योहर श्री राम नवमी व प्रचलित रमजान माह को शान्तिपूर्ण वातावरण में सकुशल सम्पन्न कराने व लोकसभा समान्य चुनाव-2024 के दौरान आमजन को स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान करने, अवांछनीय व आपराधिक तत्व के व्यक्तियों में भय व्याप्त करने हेतु एरिया डॉमिनेशन किया गया। लोकसभा चुनाव में लोगों को कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने तथा आमजन को भयमुक्त व निडर होकर मतदान करने की अपील की गई तथा सभी को चुनावो में बढ-चढकर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**